# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन –456006 (म.प्र.)
**Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan**
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)


पत्र सं. 26-17/2023(शै.)/मसारावेविप्र/ दिनांक: 04-10-2023

**महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान से सम्बद्ध**
**राष्ट्रीय आदर्श वेदविद्यालय के परिसरों में**
**शैक्षणिक, सहयोगी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक सेवा हेतु**
**ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रण अधिसूचना** – 1303

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की स्वीकृति अनुसार महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान चिन्तामण गणेश मार्ग पो. जवासिया उज्जैन (म.प्र.) द्वारा (I) द्वारका (गुजरात) (II) बद्रीनाथ (उत्तराखण्ड) (III) पुरी (ओडिशा) (IV) श्रृंगेरि (कर्णाटक) तथा (V) गुवाहाटी (असम) में पांच "राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों" को वर्ष 2022-23 से संविदा के आधार पर स्थापित एवं संचालित किया जा रहा है। NEP 2020 के शैक्षिक संरचना को ध्यान में रखते हुए वेदभूषण –चतुर्थ एवं पञ्चम वर्ष ($9^{th}$ and $10^{th}$ - equivalent - समकक्ष) एवं वेदविभूषण-प्रथम एवं द्वितीय वर्ष ($11^{th}$ and $12^{th}$ - equivalent - समकक्ष) का अध्ययन कराया जायेगा। आधुनिक विद्यालयों के विषय भी सम्मिलित रहेंगे। परीक्षा हेतु राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय "महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड" से संबद्ध रहेंगे।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान द्वारा संविदा के आधार पर संचालित (I) पुरी (ओडिशा) (II) द्वारका (गुजरात) (III) गुवाहाटी(असम) (IV) श्रृंगेरि (कर्णाटक) तथा (V) बद्रीनाथ (उत्तराखण्ड) में स्थित पांच "राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों" में वर्ष 2023-24 हेतु **शैक्षणिक, सहयोगी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक व्यवस्था** के लिए संविदा के आधार पर नियोजन के लिए अधिसूचित किया जा रहा है। ये सेवाएं संविदा के आधार पर ही होंगी। यह पद आधारित सेवा नहीं है। कभी भी पद सृजन एवं स्थायी नियुक्ति नहीं होगी। प्रतिष्ठान द्वारा पुरी (ओडिशा) एवं द्वारका (गुजरात) में राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है । शीघ्र ही गुवाहाटी (असम), श्रृंगेरि (कर्णाटक) तथा बद्रीनाथ (उत्तराखण्ड) में उपलब्ध मूल सुविधा व्यवस्था के अनुसार वर्ष 2023-24 सत्र से ही "राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय" का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा तथा शैक्षणिक व्यवस्था हेतु पैनल तैयार कर संचालन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । अतः सभी जगह एक रूप से नियोजन या चयनित सभी को एक बार नियोजन की बाध्यता नहीं कर सकेंगे।

प्रत्येक विषय हेतु अलग-अलग **ऑनलाइन आवेदन** करना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 20/10/2023 रहेगी। ऑनलाइन आवेदन पत्र की स्वप्रमाणित प्रति स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रतिष्ठान कार्यालय में दिनांक 27/10/2023 .तक प्राप्त होना आनिवार्य है । निर्धारित दिनांक के पश्चात प्रतिष्ठान कार्यालय में प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा । **ऑनलाइन आवेदन की लिंक यथाशीघ्र प्रतिष्ठान की वेबसाइट www.msrvvp.ac.in पर उपलब्ध होगी ।**




**दूरभाष** (0734) 2502266, 2502254, 2502255
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in

(I) शैक्षणिक सेवा-(*आवश्यकता अनुसार)

| क्र. | विषय एवं संख्या प्रत्येक विद्यालय हेतु | स्थान (प्रत्येक विद्यालय में) | कुल रिक्त स्थान (संविदा के आधार पर ) | आयु सीमा | प्रतिमाह अधिकतम मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋग्वेद शाकल शाखा | 1 | 3 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 2 | शुक्ल-यजुर्वेद माध्यान्दिनी शाखा, | 1 | 4 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 3 | शुक्ल-यजुर्वेद काण्व शाखा, | 1 | 3 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 4 | कृष्ण-यजुर्वेद-तैत्तिरीय शाखा | 1 | 5 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 5 | सामवेद कौथुम शाखा | 1 | 3 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 6 | सामवेद जैमिनीय शाखा | 1 | 2 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| 7 | अथर्ववेद शौनक शाखा | 1 | 3 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 65,000/- |
| | कुल | 7 | 23 | | |

(II) शैक्षणिक सहयोगी विषय - (*आवश्यकता के अनुसार)

| क्र. | विषय का नाम | संख्या प्रत्येक विद्यालय हेतु | कुल रिक्त स्थान (संविदा के आधार पर ) | आयु सीमा | प्रतिमाह अधिकतम मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संस्कृत | 1 | 4 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 2 | गणित | 1 | 3 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 3 | अंग्रेजी | 1 | 4 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 4 | सामान्य विज्ञान | 1 | 4 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |



संजय श्रीवास्तव/Sanjay Shrivastava
सहायक निदेशक/Assistant Director
महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
Maharshi Sadipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | सामाजिक विज्ञान | 1 | 4 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 6 | कम्प्यूटर साइंस | 1 | 2 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| 7 | योग | 1 | 3 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 55 वर्ष | 45,000/- |
| | **कुल** | **7** | **24** | | |

(III) **गैर-शैक्षणिक सेवाएं * - (आवश्यकता के अनुसार)**

| **क्र** | **सेवा का नाम** | **संख्या प्रत्येक विद्यालय हेतु** | **कुल रिक्त स्थान (संविदा के आधार पर )** | **आयु सीमा** | **प्रतिमाह अधिकतम मानदेय** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्डन | 1 | 2 | न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 40,000/- |
| 2 | एम टी एस | 1 | 3 | न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष | 20,000/- |
| | **कुल** | **2** | **5** | | |

**नोट :-**

(1) **उक्त मानदेय के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता प्रदान नहीं किया जायेगा। शासन निर्दिष्ट टैक्स** /टी.डी.एस. **देय होगा। ***पद आधारित सेवा नहीं है। कभी भी पद सृजन एवं स्थायी नियुक्ति नहीं होगी।

(2) **उपर्युक्त शैक्षणिक सहयोगी विषयों ( संस्कृत, गणित, अंग्रेजी, सामान्य विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, योग) हेतु प्रतिष्ठान द्वारा पूर्व में वर्ष 2022 में प्रकाशित किए गए विज्ञापन से प्राप्त आवेदनों को भी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव आदि जोड़कर पुन: आवेदन कर सकते हैं ।**

**संजय श्रीवास्तव/Sanjay Shrivastava**
**सहायक निदेशक/Assistant Director**
**महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन**
**Maharshi Sadipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain**

## (I) शैक्षणिक सेवा हेतु योग्यता

### (i) वेद अध्यापक व्यवस्था के लिए आवश्यक योग्यता

1. गुरुमुख से सस्वर वेद अध्ययन किये हुए घनान्तपाठी / वेद की सम्बन्धित शाखा का सस्वर पारम्परिक अध्ययन / वेद के सस्वर अध्ययन के साथ (विशेषज्ञों द्वारा अनुमोदित वैदिक परंपरा के अनुसार शाखाओं में से किसी एक में) विश्वविद्यालयों से प्राप्त स्नातकोत्तर उपाधि/ किसी एक वेद के सस्वर अध्ययन में अत्यन्त प्रतिष्ठित वैदिक संस्थानों द्वारा पारम्परिक प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित घनान्तपाठी /सामवेद में रहस्यान्त अध्ययन एवं सस्वर सामगान में समर्थ/अथर्ववेद में प्रतिष्ठित वैदिक विद्वान ।
2. 05 वर्ष का किसी वेद पाठशाला में वेद की सम्बन्धित शाखा का सस्वर अध्ययन कराने का अनुभव।
3. संबन्धित वेदशाखा संपूर्ण कण्ठस्थ होना आवश्यक है।
4. संस्कृत भाषा दक्षता और वेद भाष्य का अच्छा ज्ञान हो।

## (II) शैक्षणिक सहयोगी विषयों के लिए योग्यता

### (i) संस्कृत अध्यापक के लिये आवश्यक योग्यता -

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संस्कृत विषय स्नातक स्तर में 55 प्रतिशत तथा संस्कृत विषय स्नातकोत्तर उपाधि में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हो **अथवा** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संस्कृत /शास्त्र विषय शास्त्री में 55 प्रतिशत तथा संस्कृत /शास्त्र विषय आचार्य में 55 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हो ।
2. शिक्षा शास्त्री/ बी.एड

**वांछनीय योग्यता -**

1. संस्कृत भाषा एवं विषय के अतिरिक्त कम्प्यूटर/वेद गणित/ किसी अन्य विषय को पढ़ाने की योग्यता।
2. संस्कृत भाषा में टेट (TET) परीक्षा में उत्तीर्ण।
3. किसी विद्यालय में संस्कृत सम्भाषण/भगवद्-गीता/अमरकोश/शब्दरूप/धातुरूप आदि सिखाने का अच्छा अनुभव।
4. संस्कृत संभाषण एवं सरल मानक संस्कृत में दक्षता ।

### (ii) आधुनिक विषय अध्यापक (गणित, अंग्रेजी, सामान्य विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस ) के लिए आवश्यक योग्यता

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त किये हो ।
2. बी.एड.
3. 10 **अथवा** 12 **अथवा** स्नातक स्तर पर संस्कृत भाषा का अध्ययन किया हो।



संजय श्रीवास्तव/Sanjay Shrivastava
सहायक निदेशक/Assistant Director
महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
Maharshi Sadipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

**वांछनीय योग्यता**

1. सम्बन्धित विषय से टेट (TET) परीक्षा में उत्तीर्ण।
2. सम्बन्धित विषय से अतिरिक्त किसी एक अतिरिक्त विषय कम्प्यूटर/ हिन्दी भाषा /कला / को पढ़ाने की योग्यता।
3. संस्कृत संभाषण एवं सरल मानक संस्कृत में दक्षता ।

**(iii) योग अध्यापक के लिए आवश्यक योग्यता**

1. योग अथवा सांख्य योग अथवा नेचुरोपेथि एवं योग विज्ञान विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि प्राप्त की हो ।
2. समस्त आसन, प्राणायाम आदि प्रयोग में अभ्यास व पूर्ण कुशल हो।

**वांछनीय योग्यता**

1. संस्कृत भाषा/ वेद का अध्ययन किया हो।
2. योग **अथवा** सांख्य-योग **अथवा** नेचुरोपेथि एवं योग विज्ञान विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि|
3. QIC प्रमाण पत्र प्राप्त हो ।
4. संस्कृत संभाषण एवं सरल मानक संस्कृत में दक्षता ।

## (III) गैर-शैक्षणिक सेवाओं के लिए योग्यता

**(i) वार्डन के लिए आवश्यक योग्यता**

1. वेद/संस्कृत / योग विषय के साथ स्नातक/शास्त्री अथवा आचार्य / स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त हो ।
2. बाल मनोविज्ञान / बाल मार्गदर्शन परामर्श विषय में प्रमाण पत्र अथवा छात्रावास की गतिविधियों की जानकारी का अनुभव और प्राप्त हो ।
3. किसी विद्यालय अथवा संस्था में वार्डन के रूप में 2 वर्ष का अनुभव हो अथवा छात्रावास सम्बन्धी मामलों की जानकारी का प्रमाण पत्र हो ।

**(ii) एमटीएस के लिए आवश्यक योग्यता**

1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं संस्कृत भाषा /वेद के साथ उत्तीर्ण अथवा उत्तर मध्यमा उत्तीर्ण हो ।

**आउट्-सोर्स से ही लिया जायेगा।**

**संजय श्रीवास्तव/Sanjay Shrivastava**
सहायक निदेशक/Assistant Director
महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
Maharshi Sadipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

## राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाएँ एवं नियम व शर्तें –

1. राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय में अध्यापकों की नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी संविदा के आधार पर होगी, कभी भी स्थायी नियुक्ति नहीं होगी या पदों का सृजन नहीं होगा । अध्यापकों को प्रतिष्ठान के वेद अनुसन्धान, वेद अनुसन्धान आलेख रचना, वेदों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद, वैदिक प्रशिक्षण, वेद मुद्रण प्रूफ शोधन, वेद सभा, सम्मेलन, संगोष्ठी सहित अन्य शैक्षिक कार्य भी प्राचार्य अथवा अध्यापक के कर्तव्य में अन्तर्गत है। वेद विद्यालय के अलावा छात्रावास की सभी व्यवस्था, छात्रों को अनुशासन में रखना, समय-सारणी का पालन करना अध्यापकों के दायित्व रहेंगे। प्रतिष्ठान के विवेकानुसार एवं आवश्यकता को देखते हुए, प्रतिष्ठान अन्तर्गत अन्यत्र राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय में स्थानान्तरण किया जा सकता है।
2. वेद विद्यालय वेद की मौखिक परम्परा के साथ साथ, ब्राह्मण, आरण्यक, वेदाङ्गों एवं अन्य आधुनिक विषयों का भी अध्ययन कराया जायेगा ।
3. वेद अध्यापकों के साक्षात्कार (इंटर्व्यू या संपरीक्षण) समय प्रत्येक अध्यापक अपने साथ रा. आ. वे.वि में प्रवेश हेतु इच्छुक आने वाले 10 छात्रों की सूची, तथा प्रपत्र में उन छात्रों का प्रवेश विवरण, माता-पिता से रा. आ. वे.वि. प्रवेश हेतु अनुमति पत्र लाना है। प्रत्येक वेद विषय में छात्र उपलब्ध होने पर ही अन्तिम नियोजन होगा एवं चयन होने पर यह शर्त प्रत्येक वर्ष लागू होगा।
4. अध्यापकों को परीक्षा संचालन सम्बन्धी कार्यों का निर्वहन करना होगा।
5. राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय वेद विद्यार्थियों के लिए आवासीय विद्यालय है।
6. विद्यालय का जीवन उच्च अनुशासित, पारम्परिक तथा वैदिक संस्कृति और वैदिक ज्ञान पर आधारित होगा।
7. विद्यालय के अध्यापक एवं छात्रों को पारम्परिक वेश भूषा में रहना होगा। सभी अध्यापक (वेद एवं अन्य विषय के) को वैदिक वेश भूषा में रहना अनिवार्य है। (पुरुष के लिए धोती-कच्छ धारण, महिला के लिए- साड़ी एवं ब्लाउज ही होगी)
8. अध्यापकों एवं छात्र का आचरण वैदिक परम्परा एवं शिष्टता अनुसार होगा, अन्यथा आचरण होने पर दण्डात्मक कार्यवाही होगी ।
9. वेद विद्यालय के छात्रावास एवं विद्यालय में किसी भी प्रकार के आधुनिक गेजेट-मोबाईल आदि उपयोग नहीं होगा । छात्रावास में, विद्यालय में, कक्षा में या स्वयं के मोबाईल उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।
10. अध्यापकों को कम्प्यूटर-साक्षरता एवं कार्य क्षमता अनिवार्य है। ICT की दक्षता होनी चाहिए ।
11. प्रत्येक अध्यापक को 100 रूपये के स्टांप पेपर पर सेवा शपथ पत्र देना होगा तथा सभी शर्तों को स्वीकारना होगा।



संजय श्रीवास्तव/Sanjay Shrivastava
सहायक निदेशक/Assistant Director
महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
Maharshi Sadipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

12. उपयुक्त पाये जाने पर, चयन समिति के विवेकाधिकार पर योग्यता, वयोमति एवं अनुभव में शिथिलता दी जा सकती है। चयन समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा।

13. वेद विद्यालय के सभी तरह के व्यवस्था में सचिव, म.सां रा. वे.वि.प्र., उज्जैन के आदेश मान्य होंगे।

**14. उपर्युक्त सेवाओं सम्बन्धी प्रक्रिया को स्वीकृत करना, अस्वीकृत करना या अंशतः निरस्त करना या पुनः आमंत्रित करने का अधिकार प्रतिष्ठान सचिव के अधीन रहेगा। इसमें किसी प्रकार का वाद/विवाद /पत्राचार आदि मान्य नहीं होगा । किसी भी प्रकार के कानूनी विवाद की स्थिति में न्याय अधिकार क्षेत्र मध्यप्रदेश माननीय उच्च न्यायालय, इन्दौर पीठ ही होगा ।**

संजय श्रीवास्तव/Sanjay Shrivastav
सहायक निदेशक/Assistant Director
महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
Maharshi Sadipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

सचिव,
म.सा.रा.वे.वि.प्र., उज्जैन